## न्यूज डायरी



### कनाडा में पाकिस्तानी नागरिक को चाकू मारा, दाढ़ी काटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वैंकूवर। कनाडा में एक पाकिस्तानी परिवार की हत्या के कुछ दिन बाद ही नस्ली हिंसा की एक और खौफनाक घटना सामने आई है। सास्कटून शहर में पाकिस्तानी मूल के मुहम्मद काशिफ पर दो हमलावरों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने काशिफ को इतनी बुरी तरह से घायल किया है कि उन्हें 14 टांके लगाने पड़े हैं। खूनी हमला करने वालों ने यह भी कहा कि उन्हें मुस्लिमों से नफरत है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक काशिफ शाम को अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान हमला हो गया। काशिफ ने मुस्लिमों का परंपरागत पहनावा पहन रखा था। हमलावरों ने काशिफ की पीठ पर चाकू मारा और कहा, तुमने यह ड्रेस क्यों पहन रखी है? तुम यहां क्यों हो? अपने देश वापस लौट जाओ। मैं मुस्लिमों से नफरत करता हूं। उन्होंने काशिफ से यह भी कहा कि तुमने दाढ़ी क्यों रखी है। हमलावरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

### चीन से दोस्ती तोड़ने को अमेरिका डालता है दबाव: इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के 100 साल पूरे होने पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान अब ड्रैगन को खुश करने में लग गए हैं। इमरान खान ने चीन के सरकारी टीवी टीवी चैनल से बातचीत में दावा किया कि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश चीन के साथ दोस्ती को कम करने और उनका पक्ष लेने के लिए पाकिस्तान के ऊपर दबाव डालते हैं। भारत का नाम लिए बिना इमरान खान ने कहा कि पाकिस्तान का जब भी पड़ोसी देश के साथ संघर्ष होता है, चीन हमेशा हमारे साथ खड़ा होता है। इमरान खान ने सीजीटीएन चैनल से बातचीत में कहा कि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों का यह रवैया बहुत अनुचित है। उन्होंने कहा कि इतने दबाव के बाद भी पाकिस्तान चीन के साथ अपने संबंधों को न तो कम करेगा और न ही इसमें बदलाव करेगा।

### पाक की पनाह पाकर मजबूत हुए आतंकी अब उसके लिए खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। आतंकियों की फसल तैयार करने वाला पाकिस्तान अब खुद आतंक के चंगुल मे फंस गया है। पांच हजार से ज्यादा आतंकी अब उसके लिए मुसीबत बन गए हैं। इनका मकसद अफगानिस्तान के साथ ही पाक में भी शरिया आधारित एक कट्टरपंथी इस्लामी शासन स्थापित करना है। अफगानिस्तान में जैसे–जैसे तालिबान मजबूत हो रहा है। पाक में सक्रिय तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) भी मजबूत होता जा रहा है। अब तक अफगानिस्तान में इन आतंकवादी संगठनों की पाक से बराबर आवाजाही है। यहां पनाह लेकर अपनी ताकत बढ़ाते रहे हैं। अब तालिबान के साथ अन्य आतंकी संगठन मिलकर अफगानिस्तान के साथ ही पाक में भी अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाह रहे हैं।

### विश्व बैंक ने पाकिस्तान को दिए 80 करोड़ डॉलर, विदेशी कर्ज बढ़ने का अनुमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। विश्व बैंक ने पाकिस्तान में दो कार्यक्रमों के लिए 80 करोड़ अमेरिकी डालर की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है। पाकिस्तान सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा के लिए कार्यक्रम चला रहा है और दूसरा कार्यक्रम सुरक्षित मानव निवेश को बढ़ावा देने के लिए है। इसी के साथ निकट भविष्य में पाकिस्तान का विदेशी ऋण बढ़ेगा क्योंकि अपने बकाया विदेशी ऋणों को चुकाने, अपने चालू खाते को वित्तपोषित करने और अपने विदेशी मुद्रा भंडार का निर्माण करने के लिए हर साल अधिक से अधिक उधार लेने की उसकी मजबूरी है। विश्व बैंक की विज्ञप्ति में कहा गया कि 40 करोड़ अमेरिकी डालर का पाकिस्तान प्रोग्राम फॉर अफोर्डेबल एंड क्लीन एनर्जी बिजली क्षेत्र की वित्तीय व्यवहार्यता में सुधार के उपायों पर केंद्रित है और कम कार्बन ऊर्जा के लिए देश के संक्रमण का समर्थन करता है। विश्व बैंक के टास्क टीम लीडर रिकार्ड लिडेन ने कहा, पाकिस्तान की वित्तीय चुनौतियों को हल करने के लिए बिजली क्षेत्र में सुधार महत्वपूर्ण हैं।

# भारत गैरजरूरी प्रतिस्पर्द्धा करेगा तो तबाह हो जाएगा

धमकी

### भारत के 50 हजार अतिरिक्त सैनिक तैनात करने पर चीन का सरकारी भोंपू भड़का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक भारत के 50 हजार अतिरिक्त सैनिक तैनात करने पर चीन का सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स भड़क उठा है। ग्लोबल टाइम्स ने अपने संपादकीय में धमकी दी कि अगर भारत पश्चिमी देशों के इशारे पर चीन के साथ गैरजरूरी प्रतिस्पर्द्धा करेगा तो तबाह हो जाएगा। चीनी अखबार ने यह भी कहा कि चीन और भारत को एक–दूसरे की ताकत का मिलकर इस्तेमाल करना चाहिए।

ग्लोबल टाइम्स को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की लद्दाख यात्रा पर भी मिर्ची लगी है। उसने कहा कि इससे भारत और चीन के बीच जारी तनाव को कम करने में निश्चित रूप से कोई मदद नहीं मिलेगी। राजनाथ सिंह की यात्रा भारत के कठोर रुख को दर्शाती है जिसे उसने हाल के दिनों में अपनाया है। हालांकि इससे कोई फायदा नहीं होगा। चीनी अखबार ने



दावा किया कि भारत को सैन्य संघर्ष से कोई फायदा नहीं होगा क्योंकि पीएलए के सामने भारतीय सेना कमजोर है।

**ड्रैगन और हाथी के बीच प्रतिस्पर्द्धा:** ग्लोबल टाइम्स ने कहा, सैन्य ताकत दिखाकर भारत को कोई फायदा नहीं होगा। यह भारत के हित में है कि वह चीन के साथ संयम बरते और सीमा विवाद को तेज करने से बचे। उसने कहा कि कोरोना काल में चीन की अर्थव्यवस्था कुलाचे मार रही है, वहीं भारत सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में है। लंबी अवधि में भारत और चीन को अपने सीमा विवाद को समुचित तरीके से सुलझाना चाहिए और एक–दूसरे के विकास में सहयोग करना चाहिए।

चीनी अखबार ने दावा किया कि अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया भारत को क्वॉड में शामिल करके अपना सहयोगी बनाने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। ये देश ड्रैगन और हाथी के बीच प्रतिस्पर्द्धा पैदा करना चाहते हैं ताकि लंबी अवधि में दोनों एक–दूसरे को खा जाएं। इसके जरिए वे कम अवधि में चीन को नुकसान पहुंचा सकते हैं और दीर्घ अवधि में भारत को तबाह कर सकते हैं। इस तरह से अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया एक पत्थर से दो पक्षियों को मारना चाहते हैं।

**भारत ने सीमा पर 50 हजार अतिरिक्त सैनिक तैनात किए:** ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि अगर भारत पश्चिमी देशों के दबाव में अनावश्यक प्रतिस्पर्द्धा में पड़ता है तो यह भारत के लिए भयावह सपने के समान होगा। इससे पहले भारत ने चीन की बढ़ती सैन्य तैनाती से निपटने के लिए सीमा पर 50 हजार अतिरिक्त सैनिक तैनात कर दिए थे। न्यूज एजेंसी ब्लूमबर्ग ने यह खबर देते हुए चीन से मुकाबले के लिए भारत के इस कदम को ऐतिहासिक बताया है। एजेंसी न चार अलग–अलग सूत्रों के हवाले से कहा है कि भारत ने पिछले कुछ महीनों में चीनी सीमा से सटे तीन अलग–अलग इलाकों में सैन्य टुकड़ियों और युद्धक विमानों को तैनात किया है। इस तरह, अब भारत अब चीन की सीमा पर नजर रखने के लिए करीब दो लाख सैनिकों को तैनात कर दिया है जो पिछले साल के मुकाबले 40 प्रतिशत ज्यादा है।

## कनाडा में 49 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा, बड़ी संख्या में मौतें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वैंकूवर। कनाडा में भीषण गर्मी से बुरा हाल हो गया और तापमान 49.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कनाडा में तेज लू चल रही है और वैंकूवर शहर में शुक्रवार से लेकर अब तक 130 लोगों की मौत हो गई है। मारे गए लोगों में ज्यादातर बुजुर्ग हैं या उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। बताया जा रहा है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत के पीछे भीषण गर्मी भी एक बड़ी वजह है।

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया इलाके में लगातार तीसरे दिन तापमान 49.5 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया। इस सप्ताह के पहले देश में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार नहीं पहुंचा था। बताया जा रहा है कि उत्तरी–पश्चिमी अमेरिका और कनाडा में उच्च दबाव का क्षेत्र बनने की वजह से दोनों ही देशों में लू चल रही है। पुलिस ने बताया कि वैंकुवर में 65 लोगों की मौत के पीछे गर्मी एक बड़ी वजह है।

**घर से बाहर जाना लगभग असंभव:** वहीं उपनगरीय इलाके बुर्नबे में कम से कम 34 और सरे में 38 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने कहा कि वैंकुवर में अभी तक ऐसी गर्मी कभी नहीं पड़ी। इससे कई लोग मारे जा रहे हैं। उसने कहा कि लोगों की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।



### धरती की ओर आ रहा बुर्ज खलीफा के आकार का ऐस्ट्राइड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चेताया है कि 250 मीटर का विशाल ऐस्ट्रॉइड 22 हजार किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से धरती की कक्षा की ओर रहा है। यह ऐस्ट्रॉइड एक जुलाई को धरती की कक्षा के बेहद पास से गुजरेगा। नासा इस ऐस्ट्रॉइड पर वर्ष 2006 से अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। यह ऐस्ट्रॉइड लंदन आई से दोगुने और दुबई के बुर्ज खलीफा इमारत के आकार का है। इस ऐस्ट्रॉइड को 2021 GM4 नाम दिया गया है।

## इजरायल ने बनाई ऐसी तकनीक, अदृश्य हो जाएंगे सैनिक, दुश्मन को नहीं लगेगी भनक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस तकनीक को किट 300 नाम दिया गया है

तेल अवीव। इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने देश की ही कंपनी पोलारिस सॉल्यूशन्स के साथ मिलकर एक ऐसी छिपाने की अद्भुत तकनीक को बनाया है जिससे इजरायली सैनिक वर्चुअली अदृश्य हो जाएंगे। इस छद्म आवरण का इस्तेमाल करते ही इजरायली सैनिक देखने में बिल्कुल पत्थर की तरह से नजर आएंगे जिससे उन्हें आसानी से पहचाना नहीं जा सकेगा। इस तकनीक को किट 300 नाम दिया गया है और इसे छिपाने वाले थर्मल विजुअल मटीरियल का इस्तेमाल किया गया है जिसमें धातु, माइक्रोफाइबर और पॉलीमर का इस्तेमाल किया गया है। इससे इजरायली सैनिकों को पहचनना असान नहीं होगा। इस मटीरियल को एक हल्के स्ट्रेचर में तब्दील किया जा सकेगा। इसको पहनने पर इजरायली सैनिकों को इंसानी आंखों और थर्मल इमेजिंग उपकरणों की मदद पहचाना नहीं जा सकेगा।

**शीट का वजन करीब 500 ग्राम:** इजरायली सैनिक इस अत्याधुनिक छद्म आवरण को या तो अपने चारों ओर लपेट सकेंगे या उसे मिला सकेंगे जिससे वह देखने में कोई पहाड़ी इलाके की तरह से नजर आएगा। इजरायली रक्षा मंत्रालय के विशेषज्ञ गाल हरारी कहते हैं कि अगर कोई इन सैनिकों को दूरबीन की मदद से देख रहा है तो वह सैनिकों को पहचान नहीं पाएगा। इस शीट का वजन करीब 500 ग्राम है। इसे एक गट्ठर के रूप में मोड़ा जा सकता है। इजरायली सेना ने इसका परीक्षण कर लिया है और अब इसे सेना में शामिल किया जा रहा है। इस तरह के छद्म आवरण को बनाने का विचार पोलारिस सॉल्यूशन्स के सहसंस्थापक असाफ को अपने निजी अनुभवों से आया था। वर्ष 2006 में लेबनान युद्ध के दौरान असाफ इजरायली सेना में थे और उन्होंने पाया था कि सैनिक अपने शत्रुओं के थर्मल इमेजिंग उपकरणों के सामने पूरी तरह से सुरक्षित नहीं हैं।

### अमेरिका के शीर्ष कमांडर ने तालिबान को दी धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में अमेरिका के शीर्ष कमांडर जनरल ऑस्टिन स्कॉट मिलर ने तालिबान को धमकी दी है कि अगर उसने देश की जमीन पर कब्जा करना बंद नहीं किया तो यूएस एयरफोर्स हवाई हमला करेगी। जनरल मिलर ने चिंता जताई कि अफगानिस्तान में सुरक्षा की स्थिति खराब होती जा रही है क्योंकि अमेरिकी सेना वापस जा रही है। इससे पहले तालिबान ने दावा किया था कि उसने अफगानिस्तान के 400 में से 100 जिलों पर कब्जा कर लिया है। जनरल मिलर ने कहा, जो मैं देखना चाहता हूं कि कोई हवाई हमला न हो लेकिन ऐसा होने के लिए तालिबान को सभी तरह की हिंसा को रोकना होगा। उन्होंने कहा, इन सबको रोकने लिए उन्हें हिंसक अभियान बंद करना होगा। मैंने इस बारे में तालिबान को भी बता दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिकी सेना के पास अभी इतनी क्षमता है कि वह उग्रवादियों के खिलाफ जोरदार हवाई हमला कर सकती है।